**Ref. No. CS/S/L-861/2025-26** **30th April, 2025**

| To: | To: |
|---|---|
| The Listing Department<br>**NATIONAL STOCK EXCHANGE OF INDIA LIMITED**<br>"Exchange Plaza"<br>Bandra Kurla Complex,<br>Bandra (E), Mumbai – 400 051<br>**Scrip Code: VMART**<br>Fax: 022-26598120<br>Email: cmlist@nse.co.in | The Corporate Relationship Department<br>**THE BSE LTD**<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers,<br>Dalal Street, Mumbai – 400 001<br>**Scrip Code: 534976**<br>Fax: 022-22723121<br>Email: corp.relations@bseindia.com |

**Sub: Copies of the Newspaper Publication – Notice for transfer of equity shares of the Company to the Investor Education and Protection Fund ("IEPF").**

Dear Sir/Ma'am,

Please find enclosed herewith the copy of the newspaper publication of the Notice for transfer of equity shares of the Company to the Investor Education and Protection Fund ("IEPF"), published on Wednesday, 30th April 2025 in "Business Standard" English and "Business Standard" Hindi newspapers.

This information will also be made available on the Company's website at www.vmart.co.in.

Request you to kindly take the same on record.

Thanking You,

Yours Truly
**For V-Mart Retail Limited**

MEGHA TANDON
Digitally signed by MEGHA TANDON
Date: 2025.04.30 11:32:31 +05'30'

**Megha Tandon**
**Company Secretary & Compliance Officer**

Encl: As above

# ‘Deployable AI use cases in big firms very limited’

For Paris-headquartered business process management giant Teleperformance (now rebranded TP), India accounts for over 20 per cent of its 500,000-strong workforce, and the country is also its most profitable and high-growth market. Teleperfomance Chairman and Chief Executive Officer (CEO) **DANIEL JULIEN**, who was recently in New Delhi, talked about the hype and reality of artificial intelligence (AI), and the importance of India and other emerging countries in the business, with **Surajeet Das Gupta** in a video interview. Edited excerpts:



**Teleperformance has many top global companies as their clients with whom you work closely. How are they using AI and digital solutions? How do you see these technologies affecting the balance between human employees and productivity?**

Among our clients, we see a cautious approach to AI deployment, especially among the top 100 most valuable companies. Many are concerned about the complexity of AI, legal issues, and the emotional needs of customers. For us, GenAI helps by enabling faster access to knowledge bases and improving customer interactions, but we don’t see AI replacing humans. The balance between AI and human resources is crucial, and we continue to prioritise human involvement in customer service, even with AI enhancements.

**You have a bird’s eye view on how global corporates are implementing AI in their companies. Where are they now?**

There’s a lot of hype surrounding AI, especially from middle and senior management levels, driven by anxiety about competition and innovation. However, the number of deployable use cases in large organisations is still limited, with just 5-10 scalable use cases. We’re a few years away from seeing widespread AI application across industries. While many organisations are exploring AI, the actual application remains limited, especially in large organisations. AI adoption is still in its infancy, and companies need to invest significantly to develop scalable solutions.

Q&A

DANIEL JULIEN
Chairman & CEO, Teleperformance

**How far has AI penetration reached within companies, especially for customer experience management?**

AI penetration is slower than some headlines suggest. Many companies still need to catch up with basic digitalisation tools like robotic process automation (RPA) and optical character recognition (OCR). For us, AI is more about improving internal processes, like recruitment and training, rather than completely replacing human interaction. While AI has its place, the adoption rate in customer experience management remains low, and we’re still in the early stages of exploring its full potential.

**For Teleperformance, how important is India in the overall business plan?**

Today, the group is projected to make roughly $11 billion in revenues, with our major markets being the US, and Europe. But our largest production geographies are India and the Philippines for English services, Latin America for Spanish, and North Africa for French. We also have a multilingual hub in Malaysia for Asian languages. India is our largest subsidiary, with around 100,000 employees, making up 20 per cent of the 500,000 global workforce. Not only is India a major centre for our operations, but it's also one of our fastest-growing regions. We've built a deep bench of talent here to lead digital integration and CX (customer experience) transformation efforts, which are often tested in India before being implemented globally. India is a key hub for excellence in digital solutions and efficiency.

**You mentioned that India contributes 20 per cent of your workforce, but how much does it contribute to your revenues?**

Its contribution to our revenues is around 10 per cent. The price point for services in India is lower compared to markets like the US or Mexico.

However, India remains a significant source of profitability due to its integrated digital and human resources. We're continuing to aggressively develop our presence here.

**With 100,000 employees in India, what’s the plan for further growth? Where do you see this number going?**

In the last 12 months, we've already added 10,000 people, growing from 90,000 to 100,000. We expect this trend to continue for the next few years, although the pace may be influenced by how much digitalisation affects human headcount.

**What’s the competitive landscape like in India? Are other countries offering similar pricing for services?**

India remains a leader in customer experience outsourcing due to its talent pool, scalability, and education system.

*More on business-standard.com*

# Daewoo enters India’s lubricant mkt

## Aims to have 2% volume market share by FY26-end

**DEEPAK PATEL**
New Delhi, 29 April

South Korean conglomerate Daewoo on Tuesday entered the Indian lubricant market with an aim to have a two per cent market share, in volume terms, by the end of this financial year.

The company has adopted a phased rollout strategy, starting with key metro cities and Tier-II towns, backed by a robust dealership and distribution network.

For its India foray, Daewoo has entered into a strategic licensing agreement with Mangali Industries.

A manufacturing facility in Wada, Maharashtra, with a production capacity of 40,000 metric tonnes per annum, has already been set up. The capacity of this plant could be expanded 2.5 times on the three acres of available extra land, Sorrabh Goyel, director, Mangali Industries told *Business Standard*.

Goyel said Daewoo Lubricants would also be setting up a manufacturing plant in Gujarat with a production capacity of 50,000 metric tonnes per annum. While the Maharashtra plant will be mainly used to manufacture automotive lubricants, the Gujarat plant will be used to develop industrial lubricants, he informed.

“In this financial year itself, we are expecting to record an annual turnover of ₹200 crore and above. In five years, our turnover should be between ₹700-₹1,000 crore,” he noted. The company will also start exporting items, he said, from both of its plants to countries in Southeast Asia and Africa from this financial year itself.

The Maharashtra plant will have research and development (R&D) labs to develop formulations tailored for Indian conditions.

# NOTICE

NJ MUTUAL FUND
BUILT ON RULES

**Unaudited Half Yearly Financial Results of the Schemes of NJ Mutual Fund (“the Fund”) for the half year ended March 31, 2025**

**Investors may note that in accordance with Regulation 59 of the SEBI (Mutual Funds) Regulations, 1996, read with SEBI circulars issued in this regard from time to time, the unaudited half-yearly financial results of the schemes of NJ Mutual Fund for the half year ended March 31, 2025, has been hosted on the website of the Fund i.e www.njmutualfund.com in a user-friendly and downloadable format (spreadsheet) and on the website of Association of Mutual Funds in India (“AMFI”) i.e. www.amfiindia.com.**

**For NJ Asset Management Private Limited**
Investment Manager of NJ Mutual Fund
**Sd/-**
**Vineet Nayyar**
Director & Chief Executive Officer
**(DIN: 10690316)**

**Date: April 28, 2025**
**Place: Mumbai**

**For further details, please contact:** NJ Asset Management Private Limited (CIN U67100GJ2005PTC046959) **Registered office:** Block no. 601, 3rd floor, C Tower, Udhna Udyognagar Sangh Commercial Complex, Central Road No.10, Udhna. Surat - 394210. Gujarat. Telephone Number – 0261 6715601. **Corporate office:** Unit no. 101A, 1st floor, Hallmark Business Plaza, Bandra (East). Mumbai – 400051. Telephone number: 022 68940000 /1860 500 2888 / 040-49763510. **Email id:** customercare@njmutualfund.com **Website:** www.njmutualfund.com

**MUTUAL FUND INVESTMENTS ARE SUBJECT TO MARKET RISKS, READ ALL SCHEME RELATED DOCUMENTS CAREFULLY.**




## EXTRACT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED MARCH 31, 2025

(₹ in lacs except otherwise stated)

| Sr. No. | Particulars | Quarter Ended March 31, 2025 Audited | Quarter Ended December 31, 2024 Unaudited | Quarter Ended March 31, 2024 Audited | Year Ended March 31, 2025 Audited | Year Ended March 31, 2024 Audited |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Total Income from Operations | 25,703 | 25,313 | 22,474 | 99,452 | 86,241 |
| 2. | Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 4,499 | 4,564 | 3,763 | 17,513 | 14,821 |
| 3. | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 4,499 | 4,564 | 3,763 | 17,513 | 14,821 |
| 4. | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 3,424 | 3,405 | 2,821 | 13,165 | 11,153 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] [refer note (ii)] | - | - | - | - | - |
| 6. | Paid-up Equity Share Capital | 4,525 | 4,525 | 4,504 | 4,525 | 4,504 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous Year | | | | 1,29,489 | 1,15,238 |
| 8. | Securities Premium Account | 70,064 | 70,064 | 69,487 | 70,064 | 69,487 |
| 9. | Net worth[1] | 1,33,447 | 1,29,471 | 1,18,992 | 1,33,447 | 1,18,992 |
| 10. | Paid-up Debt Capital/Outstanding Debt | 32,058 | 35,354 | 47,225 | 32,058 | 47,225 |
| 11. | Outstanding Redeemable Preference Shares[2] | - | - | - | - | - |
| 12. | Debt Equity Ratio[3] | 0.24 | 0.27 | 0.39 | 0.24 | 0.39 |
| 13. | Earnings per share (of ₹10/- each) (for continuing operations) | | | | | |
| | 13.1 Basic ₹ (non-annualised) | 7.57 | 7.55 | 6.88 | 29.18 | 30.65 |
| | 13.2 Diluted ₹ (non-annualised) | 7.53 | 7.54 | 6.87 | 29.09 | 30.45 |
| 14. | Capital Redemption Reserve[4] | - | - | - | - | - |
| 15. | Debenture Redemption Reserve[4] | - | - | - | - | - |
| 16. | Debt Service Coverage Ratio[5] | - | - | - | - | - |
| 17. | Interest Service Coverage Ratio[5] | - | - | - | - | - |

*1 Net worth is computed as per RBI Master Circular No. RBI/2015-16/70 DBR.No.Dir.BC.12/13.03.00/2015-16 on Exposure Norms dated July 1, 2015. Net worth as at March 31, 2025 also includes Available for Sale (‘AFS’) Reserve.*
*2 The Bank has not issued any redeemable preference shares.*
*3 Debt-equity ratio means the ratio of total borrowings to share capital plus reserves.*
*4 As per the Companies Act, 2013, the Bank is not required to create capital/debenture redemption reserve. However, the Bank has created Recovery Expense Fund Account with BSE Limited.*
*5 Being a Banking Company, Disclosure is not applicable as per SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.*

**Notes:**
(i) The above is an extract of the detailed format of quarter and year ended Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 & 52 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarter and year ended Financial Results are available on the websites of the Stock Exchanges, www.nseindia.com and www.bseindia.com and of the Bank www.capitalbank.co.in.
(ii) Information related to the total comprehensive income and other comprehensive income are not furnished as Ind AS is not yet made applicable to Bank.
(iii) The figures of the quarter are the balancing figures between figures in respect of the year-to-date figures and the published figures upto previous quarter.
(iv) The other line items referred in Regulation 52(4) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, has been given hereunder.

| Sr. No. | Particulars | Quarter Ended March 31, 2025 Audited | Quarter Ended December 31, 2024 Unaudited | Quarter Ended March 31, 2024 Audited | Year Ended March 31, 2025 Audited | Year Ended March 31, 2024 Audited |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Percentage of shares held by Government of India | - | - | - | - | - |
| 2. | Return on Assets[1] (annualised) | 1.36% | 1.37% | 1.23% | 1.35% | 1.27% |
| 3. | Operating Margin[2] | 18.22% | 18.88% | 17.55% | 18.65% | 17.96% |
| 4. | Net Profit Margin[3] | 13.32% | 13.45% | 12.55% | 13.24% | 12.93% |
| 5. | Total Debt to Total Assets[4] | 3.17% | 3.47% | 5.08% | 3.17% | 5.08% |
| 6. | Gross NPA (₹ in lacs) | 18,534 | 18,230 | 17,018 | 18,534 | 17,018 |
| 7. | Net NPA (₹ in lacs) | 9,184 | 9,060 | 8,508 | 9,184 | 8,508 |
| 8. | % of Gross NPA | 2.58% | 2.67% | 2.76% | 2.58% | 2.76% |
| 9. | % of Net NPA | 1.30% | 1.35% | 1.40% | 1.30% | 1.40% |
| 10. | Capital Adequacy Ratio (%) | 25.39% | 25.82% | 27.39% | 25.39% | 27.39% |
| 11. | Tier-I Ratio (%) | 21.71% | 21.87% | 22.80% | 21.71% | 22.80% |

*1 Return on Assets means the ratio of profit after tax to average monthly total assets.*
*2 Operating Margin means Operating profit before provisions and contingencies to the total income.*
*3 Net Profit Margin means Net Profit to total income.*
*4 Total Debts to Total Assets means the ratio of total borrowings to total assets.*

**Notes:**
(v) The other line items referred in Regulation 52(4) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, pertinent disclosures have been made to the BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited and can be accessed on the website of the Stock Exchange on www.bseindia.com, www.nseindia.com and the Bank on URL www.capitalbank.co.in.
(vi) The above results have been approved by the Board of Directors in its meeting held on April 29, 2025.

Date: April 29, 2025
Place: Jalandhar

For and on Behalf of the Board of Directors
of **Capital Small Finance Bank Limited**
Sd/-
**Sarvjit Singh Samra**
Managing Director
(DIN: 00477444)

**Capital Small Finance Bank**

*Vishwas Se Vikas Tak*

**Capital Small Finance Bank Limited** (CIN: L65110PB1999PLC022634)
**Regd. & Head Office:** “MIDAS Corporate Park”, 3rd Floor, 37 G.T. Road, Jalandhar, Punjab, INDIA - 144 001
**Tel.:** 0181-505 1111, 505 2222 www.capitalbank.co.in | investorrelations@capitalbank.co.in

Great Place To Work. Certified AUG 2024-AUG 2025 INDIA

Scan for detailed financials

Adfactors 35/2025

# V-MART RETAIL LIMITED

(CIN - L51909DL2002PLC163727)

V MART

**Regd. Off.-** 610-611, Guru Ram Dass Nagar, Main Market, Opp. SBI Bank, Laxmi Nagar, New Delhi – 110092. **Corporate Off.** – Plot No. 862, Udyog Vihar, Industrial Area, Phase – V, Gurugram – 122016 (Haryana). **Tel.:** 0124-4640030; **Fax** : 0124-4640046; **Email:** cs@vmart.co.in; **Website:** www.vmart.co.in

# NOTICE

Notice is hereby given that, pursuant to the provisions of the Companies Act, 2013 and the Investor Education and Protection Fund Authority (Accounting, Audit, Transfer and Refund) Rules, 2016, the **Dividend for the Financial Year 2017-18**, which remains unpaid or unclaimed for a period of seven years shall be transferred to the Investor Education and Protection Fund (“IEPF") **on or before August 4, 2025**. And the shares of those Members who have not encashed or claimed dividend for 7 (seven) consecutive years or more, are liable to be transferred to the Investor Education and Protection Fund.

In compliance with the said Rules, the Company has sent individual notices to all the concerned Members whose shares are liable to be transferred to IEPF. Full details of such Members are made available on the Company's website at www.vmart.co.in.

In this connection, concerned Members may please note the following -

**(a) For Members holding shares in physical form** - The Company would issue new share certificate(s) in lieu of the original share certificate(s) held by them for the purpose of transfer of shares to IEPF as per Rules & upon such issue, original share certificate(s) registered in their name will stand automatically cancelled and be deemed non-negotiable.

**(b) For Members holding shares in electronic form** — Their demat account will be debited for the shares liable for transfer to IEPF.

In order to avoid transfer of your shares to the IEPF, any Member whose name is appearing in the above-mentioned list shall send a request letter along with self-attested copy of KYC documents of the Member like PAN, cancelled cheque leaf along with latest utility bill as address proof for claiming the dividend on or before August 4, 2025, to the **Company** and/or **KFin Technologies Limited**, Selenium Tower B, Plot Nos. 31 & 32 | Financial District Nanakramguda |Serilingampally Mandal | Hyderabad - 500032 | India Phone: +91 40 6716 1606 or at einward.ris@kfintech.com for any further information required.

In case no valid claim in respect of equity shares is received from Members by August 4, 2025, the Company shall, in compliance with the requirements set out in the said Rules, transfer the unclaimed dividend and corresponding equity shares to the IEPF by the due date, without any further notice. Please note that no claim shall lie against the Company in respect of the unclaimed dividend amount and equity shares transferred to the IEPF. In order to receive the correspondence, if any, from the Company in a timely manner, Members are requested to register their e-mail addresses with the RTA (in case of shares held in physical form) by sending a request on einward.ris@kfintech.com and your Depository Participant(s) (in case of shares held in dematerialized form).

**Place:** Gurugram
**Date:** 30th April, 2025

**For V-Mart Retail Ltd.**
**Sd/-**
**Megha Tandon (Company Secretary)**

# स्मॉलकैप में मोटे निवेशकों का निवेश घटा

## फिर भी फंडों में निवेश मासिक आधार पर बढ़ा है

सचिन मामपट्टा
मुंबई, 29 अप्रैल

म्युचुअल फंडों की स्मॉलकैप योजनाओं में 10 अग्रणी निवेशकों के निवेश की हिस्सेदारी में गिरावट आ रही है और मार्च 2025 में यह घटकर 14 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गई। उद्योग निकाय एसोसिएशन ऑफ म्युचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के विश्लेषण से यह जानकारी मिली। माध्य स्मॉलकैप योजनाओं में 2.03 फीसदी निवेश 10 अग्रणी निवेशकों से आता है। एक साल पहले यह 2.43 फीसदी था। यह कमी तब आई है जब हाल में स्मॉलकैप में लार्जकैप के मुकाबले दोगुनी गिरावट आई है।

बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स में 17.1 फीसदी की गिरावट आई है जबकि सेंसेक्स अपने सर्वकालिक उच्च स्तर से 8.6 फीसदी कम हुआ है। निवेशकों की निवेश में कमी इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि मंदी के दौरान स्मॉलकैप कंपनियों में लिक्विडिटी में कमी हो जाती है। इससे किसी योजना की उन शेयर से बाहर निकलने की क्षमता प्रभावित हो सकती है।

कम संकेद्रण से रिडम्प्शन यानी निवेश निकासी के भुगतान के लिए कम कीमत पर पोजीशन बेचने का जोखिम कम हो जाता है। इससे फंड में बच रहे लोगों की गिरावट के दौरान स्थिति और खराब होने की संभावना होती है। मीडियन यानी माध्य उन 30 स्मॉलकैप फंडों का मध्य मूल्य है, जिनके डेटा उपलब्ध हैं।

कुछ फंडों में काफी अधिक संकेंद्रण है। इसमें आईटीआई स्मॉलकैप फंड (शीर्ष 10 निवेशकों से 19.92 फीसदी) और ट्रस्ट एमएफ स्मॉलकैप फंड (शीर्ष 10 का 22.83 फीसदी) शामिल हैं। ट्रस्ट म्युचुअल फंड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) संदीप बागला ने बताया कि स्ट्रेस टेस्ट से पता चलता है कि ट्रस्ट स्मॉलकैप फंड योजना एक ही दिन में 50 फीसदी की बिकवाली कर सकती है (जबकि अन्य योजनाओं के लिए यह औसत सात दिन है)।

ट्रस्ट फंड नवंबर 2024 में लॉन्च किया गया था। यह दूसरे फंडों की तुलना में आकार में छोटा है। बागला ने कहा कि इन दोनों कारणों से बड़े निवेशकों से उसे अपेक्षाकृत ज्यादा महत्त्व मिला हो सकता है। शुरुआती निवेशकों में से कुछ अक्सर 5 करोड़ या उससे अधिक के चेक देने वाले निवेशक या इकाइयां होती हैं, जो वेल्थ मैनेजरों और अन्य बड़े वितरकों के जरिए आती हैं।

बड़ा शुरुआती निवेश छोटे फंड के लिए ज्यादा संकेंद्रण में बदलता जाएगा। बागला के अनुसार जैसे-जैसे अधिक निवेशक आते हैं, संकेंद्रण घटता जाता है। असल में, डिस्क्लोजर से पता चलता है कि नवंबर 2024 में शीर्ष 10 निवेशकों का संकेन्द्रण 29.37 फीसदी था जो तब से घटकर 22.83 फीसदी रह गया है, जबकि परिसंपत्तियां मार्च के अंत तक 405.1 करोड़ से बढ़कर 817.1 करोड़ रुपये हो गई हैं।

बागला ने कहा, हमें लिक्विडिटी को लेकर कोई चिंता नहीं है। इस बारे में जानकारी के लिए आईटीआई को भेजे गए ईमेल का जवाब नहीं मिला। इसी तरह आईटीआई स्मॉलकैप फंड भी स्ट्रेस की स्थिति में भी दो दिन में अपने पोर्टफोलियो का 50 फीसदी हिस्सा बेच सकता है जबकि औसत सात दिन है। स्मॉलकैप सेगमेंट के लिए 50 फीसदी लिक्विडेशन के लिए औसत दिन फरवरी में देखे गए 6.5 दिनों की तरह ही थे।

ट्रांसेंड कैपिटल के निदेशक कार्तिक जवेरी ने कहा कि सलाहकार और वितरक आम तौर पर तब तक नए फंड से बचते हैं जब तक कि उनका ट्रैक रिकॉर्ड न बन जाए। उन्होंने कहा कि विचार करने के लिए संकेद्रण एक और पैमाना हो सकता है, लेकिन ऐतिहासिक अस्थिरता और प्रदर्शन जैसे अन्य कारकों को प्राथमिकता दी जाती है। उन्होंने कहा, निवेशक रिटर्न पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

मार्च में स्मॉलकैप फंडों के पास कुल परिसंपत्तियों के प्रतिशत के रूप में करीब 7.4 फीसदी नकदी थी। हालांकि यह फरवरी में रहे 9 फीसदी के स्तर से नीचे आ गई है। दूसरे शब्दों में, मार्च तक स्मॉलकैप योजनाओं के पास 21,720 करोड़ रुपये का धन था और उसका इस्तेमाल गिरावट में निवेश करने या रिडम्प्शन यानी निकासी के भुगतान के लिए किया जा सकता था। एम्फी के मुताबिक ऐसी योजनाओं ने मार्च में 4,092.1 करोड़ रुपये का निवेश हासिल किया, जो फरवरी के मुकाबले 10 फीसदी ज्यादा है।



### स्मॉलकैप योजनाओं में निवेश

- निवेशकों की निवेश में कमी इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि मंदी के दौरान स्मॉलकैप कंपनियों में लिक्विडिटी में कमी हो जाती है
- कम संकेद्रण से रिडम्प्शन यानी निवेश निकासी के भुगतान के लिए कम कीमत पर पोजीशन बेचने का जोखिम कम हो जाता है
- मार्च तक स्मॉलकैप योजनाओं के पास 21,720 करोड़ रुपये का धन था और उसका इस्तेमाल गिरावट में निवेश करने या रिडम्प्शन यानी निकासी के भुगतान के लिए किया जा सकता था
- ऐसी योजनाओं ने मार्च में 4,092.1 करोड़ रुपये का निवेश हासिल किया

# टी+0 लागू करने के लिए स्टॉक ब्रोकरों को मिली राहत

**भारतीय** प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने मंगलवार को बड़े ब्रोकरों के लिए वैकल्पिक टी+0 निपटान चक्र के लिए आवश्यक प्रणालियां स्थापित करने की समयसीमा बढ़ा दी। दिसंबर 2024 में जारी पहले के निर्देश में नियामक ने योग्य स्टॉक ब्रोकरों (क्यूएसबी) के अनुपालन के लिए 1 मई, 2025 की समयसीमा निर्धारित की थी। इसे अब 1 नवंबर तक बढ़ा दिया गया है। बड़ी संख्या में ग्राहकों को सेवा देने वाले क्यूएसबी या ब्रोकरों के पास अब टी+0 में निवेशकों की सहभागिता के लिए विस्तारित समय होगा, जिसे टी+1 निपटान के समानांतर मार्च 2024 में एक वैकल्पिक तंत्र के रूप में पेश किया गया था। हालांकि, इस सेगमेंट में भागीदारी बहुत कम रही है। सेबी ने कहा कि यह विस्तार क्यूएसबी और स्टॉक एक्सचेंजों, क्लियरिंग कॉरपोरेशन और डिपॉजिटरी जैसे मार्केट इन्फ्रास्ट्रक्चर इंस्टिट्यूशंस से प्राप्त फीडबैक पर आधारित था।

### केआरए की सेवाएं व्यवस्थित रूप से बंद करने का प्रस्ताव

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने मंगलवार को केवाईसी पंजीकरण एजेंसियों (केआरए) के महत्वपूर्ण संचालन और सेवाओं को व्यवस्थित रूप से बंद करने के लिए एक मसौदे का प्रस्ताव रखा। इस रूपरेखा का मकसद केआरए सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित करना और दिवालियापन, समाप्ति या नियामक की कार्रवाई के मामलों में नामित उत्तराधिकारी इकाई को परिचालन का सुचारू रूप से हस्तांतरण सुनिश्चित करके निवेशकों के हितों की रक्षा करना है। परामर्श पत्र में सेबी ने इस बात पर जोर दिया कि ढांचे में निर्बाध सेवाएं, निवेशक के केवाईसी डेटा की सुरक्षा और वैधानिक और सांविधिक दायित्वों को पूरा करने की गारंटी होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त, इसे उत्तराधिकारी इकाई में निर्बाध संक्रमण की सुविधा भी प्रदान करनी चाहिए। *बीएस*


**सूचना**

सुंदरम म्युचुअल — सुंदरम फाइनेंस ग्रुप —

**सुंदरम म्युचुअल फंड की योजनाओं के अर्धवार्षिक अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियम, 1996 के विनियम 59 के अनुसार, 31 मार्च, 2025 को समाप्त छमाही के लिए सुंदरम म्यूचुअल फंड की योजनाओं के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम सुंदरम एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (एएमसी) की वेबसाइट www.sundarammutual.com पर होस्ट किए गए हैं।

निवेशक तदनुसार उपरोक्त वेबसाइट से परिणाम देख या डाउनलोड कर सकते हैं।

स्थानः चेन्नई
दिनांक: 30 अप्रैल, 2025

**सुंदरम एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के लिए,**
**आर. अजित कुमार**
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:
**सुंदरम एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड**
(सुंदरम म्युचुअल फंड के निवेश प्रबंधक)
सीआईएन: U93090TN1996PLC034615

**कॉर्पोरेट ऑफिस** 1st & 2nd मंजिल, सुंदरम टावर्स, 46, व्हाइट्स रोड, रोयापेट्टाह, चेन्नई 600 014.
संपर्क नंबर 1860 425 7237 (भारत), 040 2345 2215 (एनआरआई)
www.sundarammutual.com
रजि. कार्यालय: नंबर 21, पतुल्लोस रोड, चेन्नई 600 002.

**म्यूचुअल फंड निवेश बाजार जोखिमों के अधीन है, योजना से जुड़े सभी दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ें।**


# बाजारों में इस हफ्ते से कॉमन कॉन्ट्रैक्ट नोट

खुशबू तिवारी
मुंबई, 29 अप्रैल

**पिछले** साल में कई बार टलने के बाद भारतीय बाजार इस हफ्ते कॉमन कॉन्ट्रैक्ट नोट की व्यवस्था लागू करने जा रहा है। इस कदम से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों और अन्य संस्थागत प्रतिभागियों को फायदा मिलने की उम्मीद है और इसे ट्रेड सेटलमेंट को व्यवस्थित करने के तौर पर देखा जा रहा है। कॉन्ट्रैक्ट नोट में लेनदेन का औपचारिक रिकॉर्ड होता है। उसमें शेयरों की संख्या, कीमत, ब्रोकरेज शुल्क, कर और अन्य जरूरी सूचनाएं होती हैं। अभी ब्रोकर हर एक्सचेंज के लिए अलग-अलग अनुबंध जारी करते हैं, भले ही वह समान ऑर्डर हो। इससे अक्सर कीमतों में फर्क हो जाता है।

नई प्रणाली के तहत बीएसई और एनएसई दोनों में निष्पादित ऑर्डरों के लिए एकल भारित औसत मूल्य (डब्ल्यूएपी) की गणना की जाएगी जिसमें ब्रोकर एक इकट्ठा अनुबंध नोट जारी करेंगे। बाजार के प्रतिभागियों ने बताया कि एकल इलेक्ट्रॉनिक अनुबंध नोट न होने से पहले एफपीआई केवल एक एक्सचेंज पर ही ट्रेडिंग कर पाते थे, भले ही दूसरे पर बेहतर कीमत मिल रही हो।

बाजार के एक अंदरूनी सूत्र ने कहा, संस्थाएं अपने ऑर्डर के लिए सर्वोत्तम भाव और बेहतर निष्पादन सुनिश्चित करने में असमर्थ रहती थीं। कॉमन कॉन्ट्रेक्ट नोट के लिए मुख्य रूप से एफपीआई ने जोर दिया था। इस बदलाव से एक्सचेंजों के बीच आपसी संचालन क्षमता में और इजाफे की उम्मीद है।

हालांकि इस व्यवस्था की घोषणा पहली बार मई 2024 में की गई थी। लेकिन इसके अमल में कई बार देर हुई। पहले इसे अगस्त 2024, फिर जनवरी 2025 तक और बाद में मार्च 2025 किया गया। सूत्रों ने संकेत दिया है कि व्यापक मॉक ट्रेडिंग सत्रों और उद्योगव्यापी तैयारियों के बाद यह प्रणाली अब शुरू होने के लिए तैयार है। हालांकि कई लोगों ने इस बदलाव के लिए परेशानी वाले मसलों और परिचालन लागत और जटिलता के बारे में बताया है।

पिछले तीन हफ्तों में स्टॉक एक्सचेंजों, क्लियरिंग कॉरपोरेशनों और बाजार के प्रतिभागियों ने कई परीक्षण किए हैं। इनमें अकेले इस महीने उपयोगकर्ता स्वीकृति परीक्षण (यूएटी) के 10 दौर शामिल हैं।

अब तक, एनएसई क्लियरिंग के तहत नौ कस्टोडियन और बीएसई के इंडियन क्लियरिंग कॉरपोरेशन (आईसीसीएल) के तहत दो कस्टोडियन ने अपनी तैयारी की पुष्टि की है। कस्टोडियन एफपीआई और संस्थागत ट्रेडों को उनकी प्रतिभूतियों और फंडों को होल्ड करके सहज बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

**किसी भी एक्सचेंज से खरीदें, अब ब्रोकर एक ही अनुबंध नोट में देंगे सौदों की जानकारी**

कुछ बाजार प्रतिभागियों ने संभावित समस्याओं को लेकर चेतावनी दी है, विशेष रूप से इस बात के कारण कि एक्सचेंज सीधे-सीधे प्रोसेसिंग (एसटीपी) के माध्यम से सौदों की वैल्यू की रिपोर्ट कैसे करते हैं। एसटीपी लेनदेन के प्रोसेसिंग के लिए स्वचालित प्रणाली है।

एक प्रतिभागी ने बताया, एनएसई दो दशमलव स्थानों में सौदे की वैल्यू की जानकारी देता है। लेकिन बीएसई एसटीपी फाइलों में चार दशमलव स्थानों का उपयोग करता है। इस अंतर के कारण हैंड डिलिवरी ट्रेड में इजाफा हो सकता है, जिसके लिए मैन्युअल ब्रोकर हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है। सूचकांक पुनर्संतुलन जैसे ज्यादा वॉल्यूम वाले दिनों को लेकर भी चिंताएं हैं जहां अंतर का ज्यादा असर हो सकता है।

इसके अलावा कुछ कस्टोडियन ने संकेत दिया है कि नई प्रणाली को अपनाने के लिए बड़े मूलभूत बजलावों की जरूरत हो सकती है और इसमें खासी लागत आ सकती है। एक अन्य प्रतिभागी ने कहा, एफपीआई वर्तमान प्रक्रिया से अच्छी तरह वाकिफ हैं और इस बदलाव से मौजूदा स्थिति में बहुत अधिक परिवर्तन नहीं होगा।

# भारतीय उद्योग जगत की आय वृद्धि पर विश्लेषक सतर्क

पुनीत वाधवा
नई दिल्ली, 29 अप्रैल

**भले** ही बाजार निचले स्तरों से बढ़ गए हों लेकिन विश्लेषकों ने आगामी तिमाहियों में भारतीय उद्योग जगत की आय वृद्धि के अनुमानों को लेकर सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है।

स्टैंडर्ड चार्टर्ड के विश्लेषकों ने परिसंपत्ति वर्ग के तौर पर भारत समेत सभी प्रमुख क्षेत्रों के इक्विटी बाजारों की रेटिंग घटाकर तटस्थ कर दी है, क्योंकि अमेरिकी टैरिफ को लेकर नीतिगत अनिश्चितता और उतार-चढ़ाव बढ़ने की वजह से कमजोर रिस्क-रिवार्ड की स्थिति बन रही है। उनका मानना है कि निफ्टी 50 सूचकांक 12 महीने में 26,000 का आंकड़ा छुएगा जो मौजूदा स्तर से करीब 7 फीसदी की तेजी है।

स्टैंडर्ड चार्टर्ड में इक्विटी रणनीति के प्रमुख डेनियल लैम ने फूक हीन यैप, माइकल केम आदि के साथ रिपोर्ट में कहा है, 'हम भारत के शेयर बाजारों को लेकर तटस्थ बने हुए हैं क्योंकि उन पर टैरिफ का असर तुलनात्मक रूप से कम है, लेकिन नकारात्मक आय संशोधनों से प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। हम आसियान पर अंडरवेट बने हुए हैं क्योंकि चीन के निर्यात की दिशा बदलने से आसियान के कारोबारों के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है और आय की गति प्रभावित हो रही है।'

### उम्मीदें ज्यादा

कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के प्रबंध निदेशक और सह-प्रमुख संजीव प्रसाद जैसे अन्य लोगों का भी मानना है कि बाजार भारतीय कॉरपोरेट जगत के आय अनुमानों को लेकर कुछ ज्यादा ही आशावादी और आत्मसंतुष्ट दिखता है।

प्रसाद ने शुभदीप रक्षित, अनिंद्य भौमिक और सुनीता बल्दवा के साथ मिलकर तैयार एक रिपोर्ट में लिखा है, 'वित्त वर्ष 2026 और वित्त वर्ष 2027 के लिए आय अनुमानों में कुछ क्षेत्रों और कंपनियों में गिरावट देखी गई है। हमारा मानना है कि वैश्विक और घरेलू वृद्धि पर दबाव के कारण राजस्व में गिरावट आएगी। फिलहाल, हम वित्त वर्ष 2026 के लिए निफ्टी-50 सूचकांक के शुद्ध लाभ में 12 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगा रहे हैं।'

प्रसाद का मानना है कि इस स्तर पर बाजार वैश्विक जीडीपी वृद्धि व अमेरिकी टैरिफ पर अनिश्चितता के मद्देनजर ऑटोमोबाइल, आईटी सेवाओं, दवा और विशेष रसायनों जैसे निर्यात-केंद्रित क्षेत्रों के राजस्व को लेकर बहुत अधिक आशावादी हो सकते हैं।

केआईई का मानना है कि ऑटोमोबाइल के मामले में ऊंचे टैरिफ से टाटा मोटर्स जैसी कंपनियों के राजस्व पर प्रभाव पड़ेगा। नोट में कहा गया है कि बहुत कम भारतीय कंपनियों का अमेरिका में परिचालन है और अगर अमेरिका ऑटोमोबाइल व कलपुर्जों पर मौजूदा टैरिफ जारी रखता है तो अमेरिका में विनिर्माण इकाइयों वाली वाहन कंपनियों की तुलना में उन्हें भारी नुकसान होगा।


**कृपया ध्यान दें**

**ज़ुवेंटस हेल्थकेयर लिमिटेड**
**CIN: U85320PN2002PLC018324**
पंजीकृत कार्यालय: पी1 और पी2, आईटी–बीटी पार्क, एमआईडीसी फेज II, पुणे–411057
मुख्य कार्यालय: ज़ुवेंटस हाउस प्लॉट नं. वाई2, सीटीएस नं. 358/ए2, नाहुर रेलवे स्टेशन के पास, नाहुर पश्चिम, मुंबई – 400078. **वेबसाइट:** www.zuventus.co.in
**ईमेल:** Zuventus.Corporate@zuventus.com • **फोन नं.:** 022 – 6283 8000

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता का ध्यान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, नई दिल्ली द्वारा जारी क्लोरफेनिरामाइन मैलेट + फेनिलेफ्रीन हाइड्रोक्लोराइड के निश्चित खुराक संयोजनों के संबंध में अधिसूचना सं. एस.ओ. १७१७(ई) दिनांक १५ अप्रैल, २०२५ की ओर आकृष्ट किया जाता है। उक्त अधिसूचना के माध्यम से, मंत्रालय ने क्लोरफेनिरामाइन मैलेट + फेनिलेफ्रीन हाइड्रोक्लोराइड के निश्चित खुराक संयोजनों के लेबल और पैकेज इंसर्ट या प्रचार साहित्य पर यह चेतावनी शामिल करना अनिवार्य कर दिया है कि चार वर्ष से कम उम्र के बच्चों में निश्चित खुराक संयोजन का उपयोग नहीं किया जाएगा।

हमने विनिर्माण स्थानों को निर्देश दिया है कि वे १५ अप्रैल २०२५ के बाद निर्मित संबंधित उत्पादों के उत्पाद लेबल पर उक्त चेतावनी मुद्रित करें। हालाँकि, १५ अप्रैल २०२५ तक पहले से निर्मित हमारे स्टॉक पर इसके लेबल पर उपरोक्त चेतावनी नहीं है।

**इस प्रकार, कृपया ध्यान दें कि क्लोरफेनिरामाइन मैलेट + फेनिलफ्रीन हाइड्रोक्लोराइड के निश्चित खुराक संयोजन किसी भी परिस्थिति में, चार वर्ष से कम आयु के बच्चों को दिए जाने के लिए निर्धारित नहीं किए जाएँगे।**

दिनांक: २८ अप्रैल, २०२५
स्थळ: मुंबई

**ज़ुवेंटस हेल्थकेयर लिमिटेड**
**डॉ. भूपेश दीवान**
निदेशक: चिकित्सा सेवाएँ


# एथर के आईपीओ को मिली 28 फीसदी बोली

**एथर** एनर्जी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को दूसरे दिन मंगलवार को 28 फीसदी आवेदन मिले। संस्थागत निवेशकों की श्रेणी में 2.8 करोड़ शेयरों की पेशकश के मुकाबले महज 7,636 शेयरों के लिए बोली लगी। एचएनआई श्रेणी में 27 फीसदी, खुदरा निवेशकों की श्रेणी में 1.1 गुना और फर्म के कर्मचारियों के लिए आरक्षित श्रेणी में 3.2 गुना आवेदन मिले। एथर एनर्जी ने शुक्रवार को 36 एंकर निवेशकों से 1,340 करोड़ रुपये जुटाए थे। जिन्हें शेयर आवंटित किए गए हैं उनमें एसबीआई एमएफ, फ्रैंकलिन टेम्पलटन ग्लोबल, आदित्य बिड़ला सन लाइफ एमएफ, अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी, ईस्टस्प्रिंग इन्वेस्टमेंट्स, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एमएफ शामिल हैं। आईपीओ में 2,626 करोड़ रुपये के नए शेयर और 355 करोड़ रुपये की द्वितीयक बिक्री का प्रस्ताव शामिल है। *बीएस*

# केनरा एचएसबीसी लाइफ में हिस्सा बेचेंगे पीएनबी और केनरा बैंक

आतिरा वारियर
मुंबई, 29 अप्रैल

**केनरा** एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस ने मंगलवार को अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए विवरणिका का मसौदा (डीआरएचपी) जमा कराया। इसके जरिए कंपनी के प्रवर्तक केनरा बैंक और एचएसबीसी इंश्योरेंस होल्डिंग्स के साथ पंजाब नैशनल बैंक अपनी हिस्सेदारी का एक हिस्सा बेचेंगे।

कंपनी में केनरा बैंक की 51 फीसदी हिस्सेदारी है और वह 13.77 करोड़ शेयर बेचने की योजना बना रहा है। यह बिक्री उसकी शेयरधारिता का 14.5 फीसदी है। 26 प्रतिशत हिस्सेदारी वाली एचएसबीसी इंश्योरेंस का अपनी हिस्सेदारी का सिर्फ 0.5 फीसदी हिस्सा बेचने का इरादा है। कंपनी में 23 फीसदी हिस्सेदारी वाला पंजाब नैशनल बैंक अपनी 10 फीसदी हिस्सेदारी बेचने पर विचार कर रहा है। निजी क्षेत्र की बीमा कंपनी ने आईपीओ का आकार और इसके समय के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है।



कंपनी ने आईपीओ मसौदा जमा कराया, केनरा बैंक 14.5 फीसदी हिस्सा जबकि पीएनबी 10 फीसदी हिस्सा बेचेगा

दिसंबर में केनरा बैंक को भारतीय रिजर्व बैंक से अपनी जीवन बीमा और म्युचुअल फंड इकाई दोनों में हिस्सेदारी कम करने की मंजूरी मिली थी। मार्च 2025 में पीएनबी ने सूचीबद्धता के दौरान जीवन बीमा कंपनी में 10 फीसदी हिस्सेदारी बेचने के लिए आरबीआई से मंजूरी भी मांगी थी।

अभी पांच सूचीबद्ध जीवन बीमा कंपनियां हैं - एलआईसी, एसबीआई लाइफ, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ और ऐक्सिस मैक्स लाइफ। बीमा नियामक पुरानी और प्रतिष्ठित कंपनियों को शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होने के लिए प्रेरित कर रहा है ताकि पॉलिसीधारकों और निवेशकों के लिए अधिक पारदर्शिता हो और ज्यादा वैल्यू मिल सके।

केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस की स्थापना सितंबर 2007 में केनरा बैंक, एचएसबीसी और ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स के बीच एक संयुक्त उद्यम के रूप में की गई थी। ओरियंटल बैंक का बाद में पीएनबी में विलय हो गया। बीमा कंपनी ने जून 2008 में अपना परिचालन शुरू किया। जीवन बीमा कंपनी ने वित्त वर्ष 24 में शुद्ध लाभ में लगभग 24 फीसदी की सालाना वृद्धि दर्ज की।

# सतर्क रुख से शेयर बाजार में मामूली बढ़त

**वैश्विक** स्तर पर तनाव से पैदा हुई चिंता के बीच निवेशकों के सतर्क रुख अपना लेने से मंगलवार को शेयर बाजार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज जैसी प्रमुख कंपनियों में हालांकि भारी खरीदारी और विदेशी संस्थागत निवेशकों के निवेश ने घरेलू बाजार को समर्थन दिया।

बीएसई सेंसेक्स 70.01 अंक यानी 0.09 फीसदी चढ़कर 80,288.38 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 442.94 अंक बढ़कर 80,661.31 पर पहुंच गया था लेकिन बिकवाली के दबाव में नीचे आ गया। उधर, नैशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 7.45 अंक यानी 0.03 फीसदी की मामूली बढ़त के साथ 24,335.95 अंक पर बंद हुआ। यह शेयर बाजार में तेजी का लगातार दूसरा दिन रहा। *भाषा*


**वी-मार्ट रिटेल लिमिटेड**
(CIN - L51909DL2002PLC163727)
V MART

**पंजीकृत कार्यालय** - 610-611, गुरु राम दास नगर, मेन मार्केट, एसबीआई बैंक के सामने, लक्ष्मी नगर, न्यू दिल्ली - 110092. **कॉर्पोरेट कार्यालय** - प्लॉट नं. 862, उद्योग विहार, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज - V, गुरुग्राम - 122016 (हरियाणा). **टेलीफोन.:** 0124-4640030; **फैक्स :** 0124-4640046; **ईमेल:** cs@vmart.co.in; **वेबसाइट:** www.vmart.co.in

**नोटिस**

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 और निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखा, लेखा परीक्षा, स्थानांतरण एवं धन वापसी) नियम, 2016 के प्रावधानों के अनुसार **वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए लाभांश**, जो सात वर्षों की अवधि के लिए भुगतान न किया गया हो या दावा न किया गया हो, **उसे 4 अगस्त, 2025 को या उससे पहले** निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि ("आईईपीएफ") में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। और उन सदस्यों के शेयर, जिन्होंने लगातार 7 (सात) वर्षों या उससे अधिक समय तक लाभांश का नकदीकरण नहीं किया है या दावा नहीं किया है, निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि में स्थानांतरित किए जाने के लिए उत्तरदायी हैं।

उक्त नियमों के अनुपालन में, कंपनी ने उन सभी संबंधित सदस्यों को व्यक्तिगत नोटिस भेजे हैं जिनके शेयर IEPF में स्थानांतरित किए जाने योग्य हैं। ऐसे सदस्यों का पूरा विवरण कंपनी की वेबसाइट www.vmart.co.in पर उपलब्ध कराया गया है। इस संबंध में, संबंधित सदस्य कृपया निम्नलिखित पर ध्यान दें -

**(क) भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों के लिए** - कंपनी नियमों के अनुसार आईईपीएफ को शेयरों के हस्तांतरण के उद्देश्य से उनके पास मौजूद मूल शेयर प्रमाण पत्र के बदले में नए शेयर प्रमाण पत्र जारी करेगी और इस प्रकार से जारी होने पर, उनके नाम पर पंजीकृत मूल शेयर प्रमाण पत्र स्वचालित रुप से रद्द हो जाएंगे और गैर-परक्राम्य माने जाएंगे।

**(ख) वे सदस्य जिनके पास इलेक्ट्रॉनिक रुप में शेयर हैं** - आईईपीएफ में स्थानांतरण के लिए उनके डीमैट खाते में से उचित संख्या में शेयर निकाल लिए जाएंगे।

आईईपीएफ में अपने शेयरों का स्थानांतरण रोकने के लिए, कोई भी सदस्य जिसका नाम उपरोक्त सूची में शामिल है, उसे लाभांश पर दावा करने के लिए अपने केवाईसी दस्तावेज़, जैसे कि पैन की स्व-सत्यापित कॉपी, कैंसल किए गए चेक का पन्ना साथ में पते के सबूत के तौर पर बिजली / गैस/ पानी आदि के नवीनतम बिल के साथ-साथ अनुरोध पत्र को 4 अगस्त, 2025 को या उससे पहले **कंपनी और / या केफिन टेक्नोलॉजीज़** लिमिटेड, सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट नं. 31 और 3 2 । फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट नानकराम्गुडा। सेरिलिंगमपल्ली मंडल । हैदराबाद - 500032 । भारत फोन: +91 40 6716 1606 व einward.ris@kfintech.com पर भेजना होगा या किसी भी अतिरिक्त जानकारी के लिए संपर्क करें।

यदि 4 अगस्त, 2025 तक सदस्यों से इक्विटी शेयरों के संबंध में कोई वैध दावा प्राप्त नहीं होता है, तो कंपनी उक्त नियमों में निर्धारित आवश्यकताओं के अनुपालन में, बिना किसी और सूचना के, नियत तिथि तक दावा न किए गए लाभांश और संबंधित इक्विटी शेयरों को आईईपीएफ में स्थानांतरित कर देगी। कृपया ध्यान दें कि आईईपीएफ में स्थानांतरित किए गए दावा न किए गए लाभांश राशि और इक्विटी शेयरों के संबंध में कंपनी के खिलाफ कोई दावा नहीं किया जाएगा। कंपनी से समय पर पत्राचार, यदि कोई हो, प्राप्त करने के लिए, सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने ई-मेल पते को आरटीए (भौतिक रूप में रखे गए शेयरों के मामले में) के साथ einward.ris@kfintech.com पर अनुरोध भेजकर और अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों (डीमटेरियलाइज्ड रूप में रखे गए शेयरों के मामले में) के साथ पंजीकृत करें।

**स्थान:** गुरुग्राम
**दिनांक:** 30 अप्रैल, 2025

**वी-मार्ट रिटेल लिमिटेड के लिए**
**हस्ताक्षरकर्ता/-**
**मेघा टंडन (कंपनी सचिव)**